भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.01.2024

आरेडिका में 68वें रेल सेवा पुरस्कार का वितरण समारोह का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 68वें रेल सेवा पुरस्कार का वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 24.01.2024 को सरस्वती प्रेक्षागृह में किया गया। इस समारोह में 12 रेल सेवा पुरस्कार एवं 38 विशिष्ट सेवा पुरस्कार सहित कुल 50 कर्मचारियों व अधिकारियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

इस अवसर पर आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और अपने सम्बोधन में कहा कि रेलवे बोर्ड के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार रेल सेवा पुरस्कार नए स्वरूप में वितरण किया गया पुरस्कृत लोगों के अतिरिक्त अन्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों के योगदान को कम करके नही आंका जा सकता है तथा उनको भी आरेडिका के विकास पथ पर निरन्तर गतिशील बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया है।

आगे उन्होने भारत गौरव, तेजस, हमसफर, वन्देभारत, मोजाम्बिक, एसी इकोनोमी, मेमो आदि कोचों के निर्माण की उपलब्धियों के संबंध में बताया कि आज आरेडिका केवल भारतीय रेल के लिए ही कोच नहीं बना रही है बल्कि दूसरे देशों को निर्यात भी कर रही है, जो इसके ग्लोबल स्वरूप का परिचायक है। वित्त वर्ष 2022-23 में आरेडिका ने 1461 कोचों का निर्माण किया है, यह सब टीम एमसीएफ की दृढ इच्छा शक्ति और सकारात्मक सोच के द्वारा संभव हुआ है।

महाप्रबंधक महोदय ने पुनः सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्ष 2022-23 के लिए उनके दिये गये योगदान की सराहना की और वर्ष 2023-24 के उत्पादन लक्ष्यों प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान आरेडिका के सांस्कृति संगठन द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन आरेडिका के उप महाप्रबंधक श्री आर.एन. तिवारी के नेतृत्व में किया गया तथा मंच संचालन का कार्य श्रीमती सुरहिता खान एवं श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया, अंत में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सर्तकता अधिकारी श्री अकमल बदूद द्वारा सभी विभागों के सहयोग एवं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, उपविभागाध्यक्ष एवं यूनियनों के प्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

24/01/2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी